उत्तराखंडी स्वाभिमान, चार धाम–चार काम अभियान लाचिंग के दौरान कांग्रेसी नेता।

हमारा दून

विस अध्यक्ष और रामशरण नौटियाल ने किया नामांकन

संक्षिप्त समाचार

हरक सिंह रावत की एंट्री से असहज नजर आई कांग्रेस

संवाददाता देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022रू उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से उत्तराखंडी स्वाभिमान, चार धाम–चार काम अभियान लांचिंग के दौरान अचानक पूर्व कैबिनेट मंत्री व हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए डा. हरक सिंह रावत पहुंच गए। उन्हें देख मंच पर बैठे कांग्रेस नेता असहज दिखे। बहरहाल, पार्टी के प्रवक्ता राजीव महर्षि नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के बगल वाली कुर्सी छोड़कर खड़े हो गए, हरक सिंह इस कुर्सी पर बैठ गए। कांग्रेस का यह कार्यक्रम पहले ही निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे देरी से शुरू हुआ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।

नामांकन

- राज्य में नामांकन प्रकिया 21 जनवरी से हो गई थी शुरू
- चकराता से जुबिन नौटियाल के पिता रामशरण नौटियाल ने किया नामांकन

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022 के लिए ऋषिकेश विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी और विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, चकराता से जुबिन नौटियाल के पिता रामशरण नौटियाल ने नामांकन किया। वे इस सीट पर नामांकन पर्चा दाखिल करने वाले पहले शख्स हैं। आपको बता दें कि राज्य में नामांकन प्रकिया 21 जनवरी से शुरू हो गई थी।

जुबिन नौटियाल के पिता ने किया नामांकनः चकराता सीट से भाजपा के प्रत्याशी और सिंगर जुबिन नौटियाल के पिता रामशरण नौटियाल ने मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। आरक्षित सीट चकराता से चुनाव मैदान में उतरे भाजपा प्रत्याशी रामशरण नौटियाल ने दो प्रस्तावकों के साथ कालसी तहसील में रिटर्निंग अधिकारी चकराता सौरभ असवाल के पास अपना नामांकन पत्र सौंपा।

इन्होंने भी किया नामांकन विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के कैंट प्रत्याशी रविंदर आनंद ने अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर डा. शिव कुमार बरनवाल को सौंपा। इसके अलावा कैंट क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी गीता चंदोला ने अपना नामांकन पत्र भरा और रिटर्निंग आफिसर के सामने शपथ पत्र पढ़ा।

उत्तराखंड में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी भाजपाः निशंक

ऋषिकेश। हरिद्वार लोकसभा सीट से सांसद डा रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि भाजपा उत्तराखंड में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन सीटों पर अभी तक प्रत्याशियों का फैसला नहीं हो पाया उन पर शीघ्र ही प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे।

मंगलवार को सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ऋषिकेश विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रेमचंद अग्रवाल के नामांकन में ऋषिकेश पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद निशंक ने कहा कि उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी 60 से अधिक सीटों पर बिजयी हासिल करने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि हरिद्वार लोकसभा की सभी 17 सीटों पर भाजपा बेहतरीन स्थिति में है। उन्होंने कहा कि शेष सीटों पर भी शीघ्र ही प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की बेहतर नीतियों और विकास कार्यों के नाम पर जनता फिर से उत्तराखंड में भाजपा को मौका देगी।

कांग्रेस के सभी लोग पार्टी को जिताने का पूरा प्रयास करेंगेः सूर्यकांत धस्माना

संवाददाता देहरादून। दून की कैंट विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना का टिकट फाइनल होते ही जहां कार्यकर्ताओं में उत्साह है, वहीं तमाम दावेदारों और उनके समर्थकों में नाराजगी व मायूसी भी नजर आ रही है। कुछ दावेदारों ने तो आलाकमान के समक्ष अपनी नाराजगी दर्ज भी कर दी है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि कुछ दावेदार समर्थकों से राय मशविरा करने के बाद निर्दलीय या किसी और पार्टी के बैनर पर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए गए सूर्यकांत धस्माना का कहना है कि वह सभी दावेदारों का सम्मान करते हैं और उम्मीद करते हैं कि कांग्रेस के सभी लोग पार्टी को जिताने का पूरा प्रयास करेंगे। वह स्वयं भी सभी दावेदारों और असंतुष्ट बताए जा रहे कार्यकर्ताओं से बात कर उन्हें मनाकर इस बार कैंट में कांग्रेस का परचम लहराएंगे। कैंट विधानसभा सीट पर टिकट फाइनल होने के बाद कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष और कैंट सीट से दावेदारी जता रहे लालचंद शर्मा का कहना है कि पार्टी हाईकमान का निर्णय सर्वोपरि है।

ST. JUDE'S SCHOOL
KNOWLEDGE IS LIGHT
DEHRA DUN

Warm Greetings and Congratulations to all the citizens of the State

Principal, Staff & Students
St. Jude's School, Dehradun